उत्तराखण्ड
9.6.14

संख्या– 271 /सत्तर–2–2014–16(400)/2013

प्रेषक,

मुरली मनोहर लाल,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ
संख्या 125/रा०उ०शि०प०/20
दिनांक 9-6-14

सेवा में,

कुलसचिव
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 02 जून 2014

विषयः– विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त/संघटक महाविद्यालयों में एम0एड0 पाठ्यक्रम की निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश सरकार अधिसूचना आदेश शिक्षा (11) अनुभाग संख्या–244/15–11–92–3(58)/79, दिनांक दिसम्बर, 1992 का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें विश्वविद्यालयों तथा उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त संघटक महाविद्यालयों में एम0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के संबंध में यह व्यवस्था की गयी है कि एम0एड0 कक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रत्येक विश्वविद्यालय परीक्षा आयोजित करायेगा तथा यह परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित की जायेगी तथा उक्त परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही प्रवेश के लिए अर्ह माने जायेंगे।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि एम0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा में 45 प्रतिशत की बाध्यता होने के कारण एक तरफ महाविद्यालयों में एम0एड0 पाठ्यक्रम में छात्र उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं तथा दूसरी तरफ एम0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र उपरोक्त बाध्यता के कारण प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। अतः इस संबंध में सम्यक् विचारोपरान्त उक्त संदर्भित अधिसूचना संख्या–244/15–11–92–3(58)/79, दिनांक दिसम्बर, 1992 में आंशिक संशोधन करते हुए एम0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश परीक्षा में 45 प्रतिशत अंकों की बाध्यता को समाप्त करते हुए प्राप्तांकों की वरीयता के क्रम में सभी रिक्तियों को भरने की सहमति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

भवदीय,

(मुरली मनोहर लाल)
विशेष सचिव

संख्या– 271(1)/सत्तर–2–2014 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2– प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, उ0प्र0।
3– प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ।
4– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
5– अपर सचिव, उ0प्र0 उच्च शिक्षा परिषद इन्दिरा भवन लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि इसे वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6– उच्च शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी/अनुभाग ।
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
अनुसचिव

dubey ji,dft 2013